Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to relax the age limit for recruitment in Army for applicants who have become over aged owing to delayed recruitment in Army.

डॉ. मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर): माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान देश के उन लाखों नौजवानों की ओर दिलाना चाहता हूं, जो राष्ट्र की सेवा के लिए, देश के गौरव के लिए अपने प्राणों की आहुति देते हैं और सेना में भर्ती होने की इच्छा रखते हैं । दुर्भाग्य से कोविड की परिस्थितियों के कारण, पिछले दो वर्ष ऐसे रहे कि नियमित रूप से सेना की जो बहुत सारी भर्तियां होनी थीं, वे नहीं हो पाईं । मैं राजस्थान क्षेत्र से चुन कर आया हूं । मेरे संसदीय क्षेत्र करौली-धौलपुर में लाखों युवा सेना में भर्ती होने की कामना करते हैं, लेकिन पिछले दो वर्षों के दौरान उनकी भर्ती के लिए अधिकतम आयु निकल चुकी है और इन दो वर्षों में वे भर्ती में शामिल नहीं हो पाए हैं ।

मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार से विनम्र आग्रह है कि ऐसे युवा जो इस कोविड काल में भर्ती के लिए आयु सीमा को पार कर चुके हैं, कृपया उनको कम से कम दो वर्ष अधिक भर्ती की आयु सीमा में छूट का लाभ दिया जाए, ताकि वे सेना में भर्ती होकर राष्ट्र की सेवा कर सकें । धन्यवाद ।